भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा
झारखण्ड प्रदेश
पवन कुमार साहू
अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा, झारखण्ड प्रदेश
Mob.: +91 99735 79593 | +91 94311 92777
Email : sahupawan882@gmail.Com


Ref. No. ..................

Date : 28-07-2025

सेवा में,

**महामहिम राज्यपाल महोदय,**
राज भवन, झारखंड।

**विषय : झारखंड में किसानों की प्रमुख मांगें और राज्य सरकार द्वारा इन्हें पूर्ण कराने के संबंध में।**

महाशय,

निवेदनपूर्वक कहना है कि झारखंड का गठन हुए 24 वर्षो से अधिक हो चला है। राज्य की लगभग 70 फीसदी आबादी कृषि कार्य पर निर्भर है। किसान अपनी प्रमुख्य मागें समय–समय पर उठाती रही है। वर्तमान में श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार चुनाव पूर्व किए गए अपने वादों के अनुरूप भी किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है।

राज्य भर में अतिवृष्टि और बाढ़ से किसान का फसल बर्बाद हो गया है। किसान त्राहिमाम–त्राहिमाम कर रहा है, आम जनता मंहगाई की मार झेल रही है। इन सबके बावजूद झारखंड सरकार मौन व्रत धारण किए हुए हैं।

**राज्य की किसानों के प्रमुखों मांगें :–**

1. राज्य में हो रही अतिवृष्टि से किसान प्रभावित है। राज्य सरकार किसानों को प्रति एकड़ 20 हजार रुपया का आर्थिक मुआवजा दें।
2. झारखंड में धान खरीद पर राज्य सरकार हजारों किसानों के [redacted] करोड़ोंरुपये का बकाया को जल्द भुगतान करें। इन पैसों के अभाव में किसान का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।
3. के.सी.सी. ऋण माफी में राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च, 2020 तक की तिथि को बढ़ाकर 2025 या सरकार अपने कार्यकाल 2029 तक करें। इसके साथ–साथ सभी किसानों को केसीसी ऋण माफी योजना का लाभ मिले। एन.पी.ए. खाता वाले किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें भी ऋण माफी का लाभ मिले।
4. झारखंड सरकार किसान योजनाओं जैसे–मत्स्य, गाय, बकरी और सुअर पालन, ट्रैक्टर कृषि यंत्र, खाद–बीज इत्यादि में किसी एजेंसी, समूह या बिचौलिए के माध्यम के बजाय सीधे डीबीटी माध्यम से किसानों के बैंक खाते में राशि का भुगतान हो।
5. झारखंड में ''मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना'' को पुनः चालू किया जाए। 10 अगस्त, 2019 में श्री रघुवर दास जी की सरकार ने यह योजना की शुरूआत किये थे, जिसे हेमंत सरकार आते ही बंद कर दिये है। इसके तहत किसानों को 5000 रू. प्रति एकड़ (अधिकतम पांच एकड़ तक) की सहायता राशि किसानों को दी जाती थी।

क्रमशः पृष्ठ.....2

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा
झारखण्ड प्रदेश

पवन कुमार साहू
अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा, झारखण्ड प्रदेश
Mob. : +91 99735 79593 | +91 94311 92777
Email : sahupawan882@gmail. Com

Ref. No. ........................

Date : ........................



6. झारखंड सरकार का कृषि बजट 2025–26 (137757 करोड़) में तेजी से खर्च करने की कार्य योजना बनाएं। बजट के पहले तिमाही में नाम मात्र का खर्च हुआ है। ऐसे में किसानों का विकास संभव नहीं होगा। यह बजट 2024–25 से 2.5 प्रतिशत अनुमानित कम का बजट है, और समय से खर्च नहीं होना और अंततः राशि का सरेंडर अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण इतिहास राज्य का रहा है।

7. अलग से राज्य सरकार द्वारा ''कृषि बजट'' तैयार करने की मांग। देश की अर्थव्यवस्था की रीड कृषि है। राज्य सरकार कर्नाटक, छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों की तर्ज पर अलग से कृषि बजट तैयार कर कृषि कार्य को आधुनिक और प्राकृतिक खेती को बढ़ाने की दिशा में सरकार काम करें।

8. राज्य में कई वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए आयोग का गठन किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा ''राष्ट्रीय किसान आयोग'' एवं अन्य राज्यों के तर्ज पर झारखंड में भी ''राज्य किसान आयोग'' का गठन किया जाये।

9. किसानों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा राज्य सरकार उपलब्ध कराये।

10. पी.एम. कृषि सिंचाई योजना के तहत हर खेत तक पानी की समुचित व्यवस्था राज्य सरकार करे।

11. किसानों को बाजार मूल्य पर खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है। किसान मजबूर होकर दोगुने मूल्य पर खाद खरीद रहा है। सरकार इस पर अविलम्ब कार्रवाई करें।

प्रतिनिधि मंडल

सादर,

1. अर्जुन सिंह प्रदेश महामंत्री
2. डॉ० विनोद ठाकुर
3. राजीव नाथ शाहदेव
4. Arvinder Singh Khurana
5. सज्जन कु० पंकज
6. अजय कुमार
7. Md. Safelan Ali
8. Surendra Nath

भवदीय

Pawan Kumar Sahu
(पवन कुमार साहू)

पता : डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन एम–7 हरमू हाउसिंग कॉलोनी राँची